(ix) Entry in the Indian panorama and mainstream sections of any International Film Festival of India/Filmotsav;

(X) State Government Awards for the Best Feature Film;

(xi) State Government Award for Best Direction;

(xii) Films which have won any two Stats Government awards (other than those mentioned above);

(xiii) Films 'which have celebrated Silver Jubilee (having run-continuously for 25 weeks) and carry a 'U' Certificate;

(xiv) Films which have won an award in any international film festival held abroad.

Accredftion of Journalists

6969. SHR: V. HANUMANTHA RAO: WiU tha Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) what are the rules of PIB for the accreditcn of the Journalists;

(b) whether the PIB accredited journalists are entitled to get access anywhere in the high security zone within the country;

(c) whether it is a fact that Central Press Accredit.ion Committee (CPAC) in its recent meeting unanimously decided to debar two journalists of a Hindi daily for a period of five years from PIB iccredition on the ground of submitting forged documents; and

(d) if so, what action has further been taken against those journalists who committed such forgery?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) Accreditation of journalists by PIB is done under 'Central Press Accreditation Rules, 1985'.

(b) No, Sir.

(c) Yes, Sir.

(d) No further action except for debarring the journalists from ini tial accreditation, has been taken.

देश में निर्मित फीचर फिल्में

6970. **श्री अन्तराय देवशंकर दवे :**
श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान देश में हिन्दी और अन्य भाषाओं में राज्य-वार कुल कितनी फीचर फिल्मों का निर्माण किया गया है ;

(ख) प्रत्येक फीचर फिल्म से सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हुआ ;

(ग) क्या दक्षिणी राज्यों की तुलना में बम्बई तथा अन्य प्रदेशों में फिल्म उद्योग की उत्पादकता बहुत कम है ;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ङ) प्रत्येक हिन्दी फीचर फिल्म की लागत कितनी होती है और क्या सरकार ने लागत के संबंध में कोई नियम बनाये हैं ; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य-मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव): (क) भारत में अधिकांश फिल्मों का निर्माण निजी क्षेत्र में किया जा रहा है इसलिए देश में विभिन्न भाषाओं में निर्मित फिल्मों की संख्या के बारे में सरकार को कोई जानकारी नहीं है तथापि केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन्

बोर्ड, बम्बई तथा इसके क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रमाणित हिन्दी और अन्य भाषाओं की भारतीय फिल्मों की संख्या संबंधी ब्यौरे अनुपत्र में दिए गए हैं। [देखिए परिशिष्ट 173, अनुपत्र सं० 148]

(ख) फीचर फिल्म वार राजस्व संग्रहण संबंधी आंकड़ों का रख-रखाव नहीं किया जाता है।

(ग) तथा (घ) देश में निर्मित फिल्मों के ब्यौरे के अभाव के कारण इस संबंध में किसी निष्कर्ष पर पहुंचना संभव नहीं है।

(ङ) तथा (च) राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के अनुसार हिन्दी फीचर फिल्म निर्माण संबंधी लागत 15 लाख रुपये से 60 लाख रुपये तक भिन्न-भिन्न हैं। सरकार ने इस संबंध में कोई नियम नहीं बनाया है।

भोजपुरी फिल्मों का प्रसारण

6971. **श्री आस मोहम्मद :**
श्री ईश दत्त यादव :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनल पर कितनी भोजपुरी फिल्में प्रसारित की गई हैं ; और

(ख) सरकार ने भोजपुरी फिल्मों को और बढ़ावा देने तथा उनके प्रसारण के लिए क्या कदम उठाये हैं अथवा उठाने का विचार है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य-मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) दो।

(ख) हालांकि राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम भोजपुरी सहित विभिन्न भाषाओं में फिल्मों के निर्माण हेतु पटकथा/प्रस्ताव के गुण-दोष पर निर्भर करते हुए वित्तीय सहायता प्रदान करता है तथापि, दूरदर्शन इसको प्रदान की गई विभिन्न बोलियों/भाषाओं की फिल्मों में उनकी उपयुक्तता तथा अपनी कार्यक्रम अपेक्षाओं पर निर्भर करते हुए टेलीकास्ट करता है।

प्रसारण संहिता को लागू किया जाना

6972. **श्री संघ प्रिय गौतम :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्रसारण संहिता को पुनः लागू करने का कोई निर्णय लिया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या अफ्रीका के सभी भागों में आकाशवाणी के प्रसारण को सुदृढ़ बनाने हेतु इसकी विदेश सेवा को पुनः शुरू करने का कोई ठोस प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो प्रसारण संहिता को पुनः लागू करने की मुख्य विशेषताएं क्या-क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य-मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव) : (क) और (ख) आकाशवाणी द्वारा 1967 से आकाशवाणी संहिता का पालन किया जा रहा है।

(ख) कई वर्षों से अब तक आकाशवाणी द्वारा अफ्रीका में श्रोताओं के लिए निम्नलिखित भाषा सेवाओं का प्रसारण किया जा रहा है :—

क्र० सं०	भाषा	लक्ष्य
1.	स्वाहिली	पूर्वी अफ्रीका
2.	हिन्दी	पूर्वी अफ्रीका
3.	गुजराती	पूर्वी अफ्रीका
4.	अंग्रेजी	पूर्वी, पश्चिमी तथा उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका
5.	फ्रेंच	पश्चिमी तथा उत्तर पश्चिमी अफ्रीका